Total No. of Printed Pages—2

# 1 SEM TDC CMHN (CBCS) AECC 2

## 2021

( March )

COMMUNICATIVE HINDI

Paper : AECC–2

**( हिन्दी भाषा और व्याकरण )**

*Full Marks* : 40
*Pass Marks* : 16

*Time* : 2 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×4=4

(क) हिन्दी भाषा की जननी भाषा क्या है?

(ख) हिन्दी भाषा में व्यंजन वर्ण कितने हैं?

(ग) उपसर्ग किसे कहते हैं?

(घ) वाक्य कितने प्रकार का है? लिखिए।





**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(क) भाषा की परिभाषा लिखिए।

(ख) अल्पप्राण किसे कहते हैं? अल्पप्राण ध्वनियाँ व्यंजन वर्ण में किससे संबंधित हैं?

(ग) तत्सम और तद्भव शब्द-व्यवस्था को सोदाहरण समझाइए।

(घ) वाक्य के स्वरूपों पर चर्चा कीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6×4=24

(क) हिन्दी भाषा की प्रकृति एवं विविध रूपों पर चर्चा कीजिए।

(ख) हिन्दी भाषा की वर्ण-व्यवस्था के अनुसार घोष और अघोष का विभाजन कीजिए।

(ग) संधि किसे कहते हैं? संधि कितने प्रकार की है? नामोल्लेख कीजिए।

(घ) उपवाक्य के स्वरूप का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

(ङ) कारक कितने प्रकार का है? कारकों के नाम लिखकर उदाहरण सहित समझाइए।

(च) हिन्दी शब्द भंडार में आने वाले देशज और आगत छः-छः शब्दों के नाम लिखिए।

★ ★ ★